ऑनलाइन WACE भाषा आवेदनों के लिए छात्र/छात्रा जांचसूची

इस जांच-सूची का प्रयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करें कि अपना आवेदन शुरू करने से पहले आपके पास अपनी आवश्यकता के लिए सब-कुछ है। अपना ऑनलाइन आवेदन पूरा करने के लिए आपको घर या स्कूल में कंप्यूटर का प्रयोग करने की आवश्यकता होगी। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो अपने माता/पिता या अभिभावक/कों या अपने भाषा शिक्षक/शिक्षिका को आपकी सहायता करने के लिए कहें।

1 स्टुडेंट पोर्टल में लॉग-इन करना

स्टूडेंट पोर्टल पर लॉग इन करने के लिए आपको अपने **WA स्टूडेंट नंबर** की ज़रूरत होगी, जो आपको अपने स्कूल की रिपोर्ट/टों में मिलेगा। यह आपके स्मार्टराइडर में भी हो सकता है। आपको **एक व्यक्तिगत ईमेल पते** की आवश्यकता होगी और अपना ऑनलाइन आवेदन पूरा कर लेने के बाद आपको अपने व्यक्तिगत ईमेल खाते में प्रवेश कर पाने में सक्षम होना चाहिए।

2 शैक्षिक सूचना

यह सुनिश्चित करें कि आपके पास निम्नलिखित विवरण उपलब्ध हैं:

- ❑ प्राथमिक-पूर्व से लेकर प्रत्येक स्कूल वर्ष के लिए आप जिस स्कूल में उपस्थित रहे थे/रही थीं, उनके विवरण:
  - स्कूल का नाम
  - स्कूल में शिक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली प्रमुख भाषा
  - पढ़ी गई भाषा/एँ
  - प्रत्येक सप्ताह कितने घंटे भाषा का अध्ययन किया
- ❑ विदेश-स्थित स्कूलों में शिक्षण वर्षों की स्कूल रिपोर्ट/टें

3 आवासीय जानकारी

आपको निम्नलिखित विवरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी:

- ❑ आप कौन से देशों में रहे/रही हैं
- ❑ आपने कौन से देशों में यात्रा की है
- ❑ उन देशों में यात्रा करने का/के कारण
- ❑ उन देशों में यात्रा/ओं की अवधि

4 भाषा-संबंधी पृष्ठभूमि

आपको निम्नलिखित विवरण प्रदान करने की आवश्यकता होगी:

- ❑ आपने कौन सी भाषा/ओं में पहली बार बात करना सीखा
- ❑ आप कौन सी अन्य भाषा/एँ बोल, पढ़ और लिख सकते/सकती हैं
- ❑ आप अपने माता/पिता या अभिभावक/कों और अपने भाई-बहनों एवं दोस्तों के साथ कौन सी भाषा/एँ बोलते/बोलती हैं

5 समर्थन दस्तावेज

आपको निम्नलिखित दस्तावेजों की फोटो खींचनी होगी या इन्हें स्कैन करना होगा:

- ❑ माता/पिता/अभिभावक अभिस्वीकृति प्रपत्र (अनिवार्य)
- ❑ पासपोर्ट पहचान पृष्ठ, यदि लागू हो
- ❑ अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही का/के रिकॉर्ड, यदि लागू हो(हों)
- ❑ विदेशी स्कूल रिपोर्ट/टें, यदि लागू हो

अपने समर्थन दस्तावेज को अपने कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर **.pdf**, **.jpg**, **.jpeg** या **.png** फाइलों के प्रारूप में सेव करें, **हरेक फाइल का अधिकतम साइज़ 4एमबी**। आप **Word** डॉक्युमेंट्स को अपलोड नहीं कर पाएंगे/पाएंगी।